

# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### टीम जीती हाथ फ्रैक्चर करवा बैठे सीएम धामी

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को दून मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने मरीजों का हालचाल जाना। दून मेडिकल कॉलेज में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण करते हुए कार्यदाई संस्था को शीघ्र कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। दून मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरों की सलाह के बाद मुख्यमंत्री के हाथ का एक्सरे कराने के बाद उनके हाथ पर प्लास्टर बांधा गया। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के हाथ पर मंगलवार को मैत्री क्रिकेट मैच के दौरान चोट लग गई थी।

### ओमिक्रॉन संक्रमितों के साथ फ्लाइट में आए तीन लोग पहुंचे उत्तराखंड

**संवाददाता** देहरादून। ओमिक्रॉन संक्रमितों के संपर्क में आने वाले बुजुर्ग दंपत्ति के कोरोना संक्रमित पाए जाने के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने तीन ऐसे लोगों को चिन्हित किया है जो अमेरिका से उन विमान से देहरादून, विकासनगर और ऋषिकेश पहुंचे है जिसमें कई ओमिक्रॉन संक्रमित यात्रियों ने सफर किया। फिलहाल ऐसे युवकों को चिन्हित करने के साथ ही उनके सैंपल लिए गए हैं जिन्हें जीनोम सीक्वेंसिगं के लिए भेजा गया है।
सीएमओ डॉ. मनोज उप्रेती ने बताया कि तीनों यात्रियों में शामिल वसंत विहार निवासी युवक की रिपोर्ट निगेटिव आयी है।

### हरीश रावत ने पंजाब से कुछ सीखा है, उन्हें आराम करना चाहिए

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और गढ़वाल सांसद तीरथ सिंह रावत ने कहा कि हरीश रावत एक वरिष्ठ कांग्रेसी नेता हैं। वह जो कुछ भी कहते हैं उसमें कुछ ना कुछ सार जरूर होता है। उनका बयान उनके दर्द को दर्शाता है। जो पार्टी बरकरार नहीं रह सकती, वह चुनाव कैसे लड़ेगी? इससे बीजेपी को फायदा होगा। ऐसा लगता है कि हरीश रावत ने पंजाब की हालात से कुछ सीखा है... जिस तरह से वह अपना दर्द व्यक्त कर रहे हैं, मुझे लगता है कि उन्हें थोड़ा आराम करना चाहिए।

### आधुनिक दुनिया में आयुर्वेद की प्राचीन विधि

**संवाददाता** देहरादून। कोविड महामारी ने वर्तमान स्वास्थ्य प्रणाली के सामने नया संकट पैदा कर दिया है जिसपर गहन चिंतन बेहद आवश्यक हो गया है। भविष्य के हेल्थकेयर सिस्टम के परिप्रेक्ष्य में ऐसी महामारियों से निपटने के तरीकों पर चिकित्सकीय विमर्श आज की आवश्यकता बन गई है ताकि ऐसी किसी और चुनौती का सामना करने के लिए हमारा स्वास्थ्य प्रणाली तैयार हो सके। देहरादून में रविवार 19 दिसंबर को एक ऐसे ही कार्यक्रम का आयोजन निरोगस्ट्रीट द्वारा किया गया।

# लोगों की राय एवं संवाद, विकास में निभाते है बेहद महत्वपूर्ण भूमिका

**शिलान्यास**

■ सीएम ने किया अमन रेजीडेंसी लॉज प्रांगण चमियाला में विभिन्न विकास की योजनाओं के शिलान्यास व लोकार्पण



**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विधानसभा घनसाली के अंतर्गत अमन रेजीडेंसी लॉज प्रांगण चमियाला में विभिन्न विकास की योजनाओं के शिलान्यास व लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर 3 करोड़ 38 लाख लागत की कुल 07 योजनाओं का लोकार्पण किया। जबकि 74 करोड़ 55 लाख लागत की कुल 21 योजनाओं का शिलान्यास किया। लोकार्पण में ग्रामीण निर्माण विभाग की 06 जबकि लघु सिंचाई विभाग की एक योजना शामिल है। शिलान्यास में लोक निर्माण विभाग की 15, ग्रामीण निर्माण विभाग की 04 जबकि जल संस्थान व जल निगम की एक–एक योजना शामिल है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड राज्य जब 25 वॉ स्थापना दिवस मना रहा होगा, तब राज्य सभी क्षेत्रों में देश का अग्रणी एवं आदर्श राज्य होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि इक्कीसवीं सदी का तीसरा दशक उत्तराखंड का दशक होगा। सरकार इसके लिए कृतसंकल्प है। सरकार प्रत्येक क्षेत्र में विकास का लक्ष्य निर्धारित कर कार्य कर रही है। जिसके तहत प्रत्येक विभाग को आने वाले 10 साल का रोड मैप तैयार करने को कहा गया हैं। उन्होने कहा लोगों की राय एवं संवाद, विकास में बेहद महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

उन्होंने कहा पलायन रोजगार स्वास्थ्य शिक्षा जैसे तमाम मुद्दों पर आने वाले सालों में किस तरह सरकार और जनता के बीच समन्वय बनाकर कार्य किया जाए इसके लिए सरकार ने बोधिसत्व विचार श्रृंखला कार्यक्रम की शुरुआत की है। जिसके माध्यम से सरकार विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर चुके अनुभवी लोगों से सुझाव ले रही है, उन्होंने कहा इसके आधार पर विकास की रूपरेखा बनाई जाएगी।उन्होंने कहा 25 साल का होने पर उत्तराखंड , हिंदुस्तान का श्रेष्ठ राज्य बने इसके लिए विकल्पों रहित संकल्प के मंत्र के साथ हमारी सरकार लगातार कार्य कर रही है। उन्होंने कहा हमारी सरकार प्रत्येक व्यक्ति से आए सुझाव पर कार्य करेगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने लंबे समय से चली आ रही मांगों को देखते हुए पी.आर.डी जवानों, उपनल कर्मियों,ग्राम प्रधानों, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का मानदेय बढ़ाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा उत्तराखंड आंदोलनकारियों को मिलने वाली पेंशन को भी हमारी सरकार ने बढ़ाने का कार्य किया है। उन्होंने कहा खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए राज्य में नई खेल नीति लाई गई है। उन्होंने कहा हमारी सरकार युवाओं को रोजगार देने पर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा विभिन्न विभागों में रिक्त चल रहे चौबीस हजार पदों पर भर्ती प्रक्रिया चालू है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से चली आ रही पुलिस भर्ती की मांग को भी सरकार ने पूरा करने का कार्य किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार सरलीकरण समाधान और निस्तारण के मंत्र के साथ आगे बढ़ने का कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने क्षेत्र की जनभावनाओ के दृष्टिगत घनसाली क्षेत्र को अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) में शामिल करने के लिए इसकी प्रक्रिया शुरू करते हुए लक्ष्य तक पहुचाने की बात कही साथ ही क्षेत्र के विकास के लिए की गई 42 मांगो को प्रस्ताव में शामिल किए जाने की बात कही।

इस अवसर पर विधायक घनसाली शक्ति लाल शाह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सोना सजवाण, जिलाधिकारी श्रीमती ईवा आशीष श्रीवास्तव, एसएसपी नवनीत सिंह भुल्लर, आदि उपस्थित थे।

### राजनीति में लोकनीति पर कर रहे कार्यः सीएम

मुख्यमंत्री ने कहा कि जो घोषणा की जा रही हैं, उन सभी का समय पर शासनादेश भी किया जा रहा है। हर घोषणा से पहले उनका वित्तीय आकलन भी किया जाता है। उन्होंने कहा हम राजनीति में लोकनीति पर कार्य कर रहे हैं।

# हम सब लोग वोट डालना कु खातिर जरूर जाला...

**अपील**

■ दून के डीएम ने लोगों से की मतदान की अपील

**संवाददाता**

देहरादून। देहरादून के जिला निर्वाचन अधिकारीधजिलाधिकारी का (डीएम) डॉ. आर राजेश कुमार का एक वीडियो संदेश इंटरनेट मीडिया में खूब वायरल हो रहा है। इस वीडियो संदेश में वह गढ़वाली बोली में वोटरों से मतदान की अपील कर रहे हैं। वह कह रहे है कि श्लोकतंत्र की मजबूती का वास्ता बहुत जरूरी छै कि हम सब लोग वोट डालना कु खातिर जरूर जाला....।



जिलाधिकारी (डीएम) डॉ. आर राजेश कुमार का यह वीडियो संदेश जिला प्रशासन ने बुधवार को जारी किया। गढ़वाली बोली में जारी किया गया यह वीडियो संदेश हर किसी के मोबाइल में खूब बज रहा है। जिसमें जिलाधि िकारी गढ़वाली बोली में मतदाताओं से वोट डालने की अपील कर रहे हैं। 45 सेकेंड के इस वीडियो में जिलाधिकारी कह रहे हैं कि वर्ष 2022 में विधानसभा चुनाव होने हैं। मजबूत लोकतंत्र की खातिर सभी मतदाताओं को मतदान करना जरूरी है। इसलिए सभी से अपील है कि घर से निकलकर वोट डालने जरूर जाएंगे। साथ ही जिलाधिकारी ने यह भी अपेक्षा की कि देहरादून के मतदाता जिले को मतदान में पहले स्थान पर पहुंचाएंगे।

जिलाधिकारी के संदेश वाले वीडियो को जिला प्रशासन के फेसबुक पेज पर भी अपलोड किया गया और विभिन्न कार्यालयों के ग्रुप में भी इसका प्रसार किया जा रहा है। तमाम कार्मिक वीडियो को अपने परिचितों को भी भेज रहे हैं। जिलाधिकारी का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर खूब प्रसारित हो रहा है और गढ़वाली भाषा में दिए गए संदेश को लोग काफी पसंद कर रहे हैं।

### सीएम ने विभिन्न विकास कार्यो हेतु प्रदान की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विभिन्न विकास कार्यों हेतु प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है। मुख्यमंत्री ने विधानसभा क्षेत्र थराली के अन्तर्गत ग्वालदम–बैजनाथ मोटर मार्ग के ताल से बीनातोली तक 03 कि०मी० मोटर मार्ग का पी०सी० से निर्माण हेतु 58.89 लाख रूपये, जनपद उत्तरकाशी के नगर पंचायत, पुरोला में पार्किंग के निर्माण हेतु 1 करोड़ रूपये, विधानसभा क्षेत्र सहसपुर में ग्राम पंचायत नौगांव बाती बस्ती के आंतरिक मार्ग व पीपल चौक से डीबीआईटी तक इण्टरलॉकिंग टाईल्स द्वारा निर्माण हेतु 82.44 लाख रूपये, विधानसभा क्षेत्र यमुनोत्री में सिलक्यारा से मंजगांव तक मोटर मार्ग का नवनिर्माण हेतु 1 करोड़ 5 लाख रूपये, विधानसभा क्षेत्र खानपुर के अन्तर्गत हस्तमौली से सोलानी नदी घाट पर आर.सी.सी.ध्प्रीस्ट्रेस (डबल लेन) मोटर सेतु एवं पहुंच मार्ग के निर्माण हेतु 44.82 लाख रूपये की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है।




**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।